दिनांक–26.06.2024 समय–7.10एएम

## प्रादेषिक समाचार

## आकाशवाणी, भोपाल

## प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव आज, एनडीए और विपक्षी इंडिया गठबंधन ने उतारे उम्मीदवार।
- आम लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए देशभर में 1 जुलाई से लागू हो रहे हैं नए आपराधिक कानून।
- दक्षिण–पश्चिम मानसून प्रदेश के 48 जिलों में पहुँचा। आज–कल में शुरू हो सकता है बारिश का तेज दौर।
- आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के सेमीफाइनल मुकाबले कल, भारत और इंग्लैण्ड होंगे आमने–सामने।

### लोकसभा–अध्यक्ष

18वीं लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव आज होगा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद ओम बिरला इस पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उम्मीदवार हैं। विपक्षी इंडिया गठबंधन ने कांग्रेस सांसद के.सुरेश को इस पद के लिए उम्मीदवार बनाया है। दोनों उम्मीदवारों ने कल नामांकन भरा। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से और निर्विरोध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने विपक्षी दलों के सदन के नेताओं से सहमति बनाने के लिए बातचीत की है। विपक्ष ने कुछ शर्ते रखी है और उपाध्यक्ष पद की मांग की है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन से अपने फैसले पर फिर विचार करने का आग्रह किया।

### नये आपराधिक कानून

देशभर में 1 जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इनके लागू होने के बाद इंडियन पीनल कोड यानि आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता 2023, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड यानि सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू होंगे। नए आपराधिक कानूनों के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को त्वरित न्याय मिले। इसके लिए नई तकनीकों को पूरी प्रक्रिया में शामिल किया गया है। भारतीय न्याय संहिता 2023 कानूनी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और पीड़ित की भागीदारी को बढ़ावा देता है। इसके साथ ही न्याय वितरण में कानून प्रवर्तन की भूमिका को और मजबूत बनाता है।

### राहुल– नेता विपक्ष लोकसभा

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने नई दिल्ली में मीडिया को कल इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि मेहताब को पत्र लिखकर सूचित किया है कि राहुल गांधी सदन में विपक्ष के नेता होंगे।

कृषि मंत्रालय – मप्र मुख्यमंत्री

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ बैठक की। चर्चा के दौरान प्रदेश में कृषि और ग्रामीण विकास से संबंधित कई मुद्दों पर बात हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोदो–कुटकी बाजरा को न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत शामिल किया जाए। कृषि मंत्री ने कहा कि कोदो–कुटकी बाजरा को एमएसपी में शामिल किया जाएगा. कोदो–कुटकी बाजरा का एमएसपी रागी बाजरा के समान ही होगा जो चार हजार 290 रुपये प्रति क्विंटल है।

अमित शाह–मुख्यमंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली प्रवास के दौरान कल केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से संसद भवन में भेंट की। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत साढ़े पांच करोड़ पेड़ लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान की शुरुआत इंदौर जिले में 51 लाख पेड़ लगाने से की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अभियान के शुभारंभ के लिए केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह को मध्यप्रदेश आने का अनुरोध किया जिसे उन्होंने स्वीकार किया।

नीट बाइट

केंद्र सरकार नीट को पारदर्शी बनाने और छात्रों के हित में अनुकूल बनाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। पूरे मामले की सीबीआई जांच और कई लोगों की गिरफ़्तारी इसी दिशा में किये गए प्रयास हैं। वरिष्ठ पत्रकार मेहताब आलम ने सरकार के प्रयासों को सही दिशा में सही कदम बताया है।

रिजर्व बैंक गवर्नर जीडीपी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत अपनी आर्थिक वृद्धि के संदर्भ में महत्वपूर्ण संरचनात्मक बदलाव की दहलीज पर है और आठ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने की ओर बढ रहा है। मुम्बई में कल बाम्बे वाणिज्य और उद्योग परिसंघ की एक सौ अठासीवीं वार्षिक आम सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की विकास गाथा में विभिन्न सेक्टर और विभिन्न संरचनात्मक सुधारों का योगदान रहा है और वस्तु और सेवाकर इसमें सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि मासिक जीएसटी संग्रह एक लाख सत्तर हजार करोड रूपये तक पहुंच चुका है और इससे व्यवसाय अधिक सुविधाजनक हुआ है।

इंदौर–सहायता राशि

इंदौर नगर को पेयजल प्रदाय और ठोस व अपशिष्ट प्रबंधन सहित अन्य विकास कार्यों के लिए 111 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त भरत यादव ने बताया कि 15 वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर मिलियन प्लस सिटी के रूप में इंदौर को यह राशि जारी की गई है, इससे इंदौर शहर में विकास के विभिन्न कार्य किए जाएंगे।

डब्ल्यूएचओ–तम्बाकू–शराब

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दक्षिण–पूर्व एशिया के सदस्य देशों से कहा है कि किसी भी रूप में शराब और तम्बाकू का सेवन हानिकर है और इसे हतोत्साहित किया जाना चाहिये। संगठन ने कहा कि इन उत्पादों के अवैध व्यापार के खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिये।

बैंकॉक में आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला में संगठन की क्षेत्रीय निदेशक सायमा वाजिद ने कल कहा कि अवैध व्यापार और उपभोग की चुनौतियों से निपटने के लिये सभी सदस्य देशों को तंबाकू नियंत्रण संधि में शामिल होना चाहिये। संगठन की विज्ञप्ति के अनुसार तंबाकू सेवन से कैंसर, श्वास और हृदय रोगों में काफी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि शराब की वैश्विक खपत के करीब पच्चीस प्रतिशत का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है।

मौसम

दक्षिण–पश्चिम मानसून प्रदेश के 48 जिलों तक पहुँच चुका है। सिर्फ ग्वालियर–चंबल के कुछ हिस्से बाकी हैं। आज–कल में बारिश का एक तेज दौर शुरू होगा। ऐसे में उम्मीद है कि अगले एक–दो दिन में मानसून पूरे प्रदेश पर छा जाएगा। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के अधिकतर इलाको में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इधर, भोपाल में कल शाम को कई इलाकों में तेज बारिश हुई। प्रदेश में 28 जिले ऐसे हैं, जहां सामान्य से 22 से लेकर 79 फीसदी तक कम बारिश हुई है। प्रदेश में अब तक 69 दशमलव 6 मिमी बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से 24 प्रतिशत कम है।

टी–ट्वेंटी विश्वकप

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के पहले सेमीफाइनल में कल अफगानिस्तान का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। मैच त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरे समीफाइनल में कल शाम गयाना में भारत और इग्लैंड आमने–सामने होंगे। विश्व कप फाइनल शनिवार को बारबेडॉस में खेला जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खंडवा में माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के. जी. सुरेश ने कहा कि विश्वविद्यालय के खंडवा परिसर "कर्मवीर विद्यापीठ" का नया भवन जल्दी ही बनेगा। उन्होंने बताया कि कर्मवीर विद्यापीठ के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

- इंदौर संभाग के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन होगा। इन हेल्थ कैम्प में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को विभिन्न बीमारियों की स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, अत्याधुनिक मशीनों से जांच एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी।

- मंदसौर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस चौहान ने बताया कि बाल एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिये जिले में दस्तक अभियान 27 जून तक आयोजित किया जाएगा।

- डिंडोरी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आज नशा निवारण दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

- राजगढ़ जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक 28 जून को जिला पंचायत के समाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया करेंगे।

- गुना में डाइट बजरंगगढ, गुना और रायसेन जिले के 127 जनशिक्षकों का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 24 जून से चल रहा है।

- छतरपुर में कलेक्टर ने सड़कों पर आने और बैठने वाले पशुओं को प्रभावी ढंग से रोकने और गौशालाओं में भेजने के निर्देश दिए हैं।

- मुरैना में आयुक्त चम्बल संभाग संजीव कुमार झा ने नगर निगम मुरैना के अंतर्गत सब्जी मंडी विस्तार और विकास योजना के लिए भूमि एवं निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेन्सी को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

- नीमच में भारतीय रेडक्रास सोसायटी एवं जिला प्रशासन द्वारा जिले की सभी 243 पंचायतों एवं नगरीय निकायों में 28 जून को रक्त समूह परीक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे है।

———————————————